हरिभूमि
# रतन भूमि
रायपुर, मंगलवार 10 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

11 वार्ड दो में चौक का नामकरण मंगल पांडेय के नाम पर...




12 स्वास्थ्य कर्मी पूरी प्रतिबद्धता के साथ अभियान को सफल...









प्रेम रतन पैलेस & रिसॉर्ट
राजिम-जिला गरियाबंद (छ.ग.)
ठहरने की सर्वसुविधा युक्त शानदार व्यवस्था
नोट : पैलेस रिसॉर्ट के रखरखाव के लिए पति पत्नी की आवश्यकता है।
नया रायपुर से बहुत करीब, गरियाबंद मार्ग सांई मंदिर से चंद कदम दूर, राजिम
मो.नं. 99261-33072, 7693040000, 8819959966, 8871500900
सगाई, शादी ब्याह - बर्थ-डे पार्टी किटी पार्टी, ऑफिशियल मीटिंग, साल गिराह, फैशन शो की पूरी सुविधा
• हरा-भरा गार्डन
• शुद्ध हवा • AC रूम
• 24 घंटे उपलब्ध सुविधाएं




## खबर संक्षेप



### बैंक मार्ग पर जाम से लोग परेशान

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के देना बैंक मार्ग में आए दिनों जाम से नगर के लोग परेशान हो जाते हैं। इस मार्ग में वाहन रखने के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण सोमवार के दिन भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि सोमवार के दिन मैनपुर में सप्ताहिक बाजार लगता है।

### कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**छुरा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 10 दिसंबर को सुबह 11:00 बजे से शाम बजे तक 5:00 बजे तक एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, नगर के मंडी के पास किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा धान खरीदी की जा रही है जिसमें किसानों को समय पर टोकन, बोरा नहीं प्रदान किए जाने से किसान परेशान है और इसी के विरोध में एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी किसान भाइयों से अपील की है कि अधिक संख्या में धरना स्थल पर पहुंचे।



### शहीद वीरनारायण सिंह शहादत दिवस आज

**नवापारा-राजिम।** नगर आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज नवापारा द्वारा शहीद वीरनारायण सिंह शहादत दिवस 10 दिसंबर मनाने जा रहा हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू होंगे। अध्यक्षता नपा के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य चंद्रकला ध्रुव, आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के प्रदेश अध्यक्ष पन्ना ध्रुव,महासचिव बुद्धेश्वर ध्रुव, रायपुर जिला अध्यक्ष हेमलाल ध्रुव, पूर्व मंडी अध्यक्ष गोपेश ध्रुव, वार्ड नंबर 10 के पार्षद लोकिन-अर्जुन साहू, वार्ड नंबर 11 के पार्षद रूमेश्वरी-फागु देवांगन, वार्ड नंबर 12 के पार्षद बाबी चांवला मौजूद रहेंगे। बताया गया है कि दोपहर 3 बजे ईशरगौरा, बुढ़ादेव का पूजन एवं शहीद वीरनारायण सिंह की प्रतिमा तक कलश यात्रा तत्पश्चात अतिथि सम्मान समारोह का कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर मोर मयारू,सुआ परिवार ग्राम-कोना के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी।

### आयुर्वेद एवं होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविर आज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** संचालक आयुष विभाग रायपुर के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी गरियाबंद के मार्गदर्शन में विकासखण्ड स्तरीय द्वितीय आयुर्वेद एवं होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 10 दिसंबर को सुबह 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक गायत्री मंदिर परिसर ग्राम सोरिद खुर्द में किया जाएगा। इस शिविर में जटिल एवं पुराने रोगों की चिकित्सा अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सकों के द्वारा किया जावेगा। जिसमें सभी प्रकार के पुराने वात रोग, आमवत, संधिवात, सायटिका, गठिया, जोड़ों का दर्द, बवासीर, दमा, श्वास, पुरानी, खांसी, जुकाम, सिर दर्द, चर्म रोग, एक्जीमा, मधुमेह (डायबिटीज), पेट की बिमारियों, पेट का जलन, गैस दर्द, कब्ज, आंव, कमर या पेट का दर्द, छाले आदि सभी प्रकार के रोगों का उपचार किया जावेगा।

धान खरीदी : देवभोग अनुभाग के 15 खरीदी केंद्रों में 31 प्रतिशत धान का हो चुका है उठाव

# 30 हजार 664 किसानों से 14 लाख 96 हजार क्विंटल की हुई धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में धान खरीदी का सिलसिला अनवरत जारी है। 14 नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी अभियान अंतर्गत जिले में अब तक 30 हजार 664 किसानों से 14 लाख 96 हजार 830 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। डीएमओ अमित चन्द्राकर ने बताया कि देवभोग अनुभाग के अंतर्गत आने वाले 15 खरीदी केन्द्रों में अब तक 31 प्रतिशत धान का उठाव किया जा चुका है। सभी जगहों से निरंतर रूप से धान का उठाव जारी है। देवभोग अनुभाग में कुल पंजीकृत किसान 13 हजार 532 है। जिसमें से 4 हजार 674 किसान यानी 34 प्रतिशत किसान अपना धान बेच चुके है। डीएमओ ने बताया कि देवभोग क्षेत्र के कुछ स्थानों में हुए अत्यधिक बारिश के कारण देवभोग अनुभाग अंतर्गत आने वाले 15 खरीदी केन्द्रों में से 5 केन्द्रों में धान खरीदी को आज रोका गया है। उन्होंने बताया कि बारिश के कारण किसानों द्वारा खरीदी केन्द्रों तक लाये जाने वाले धान को पानी में भीगने से बचाने एवं इस कारण किसानों को होने वाली असुविधा से बचाने देवभोग अनुभाग के 5 खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी आज नहीं किया गया। इन केन्द्रों में खोकसरा, झीरीपानी, देवभोग, दीवानमुड़ा एवं निष्टीगुड़ा शामिल है। उन्होंने बताया कि मौसम धान खरीदी लायक होते ही पुनः सुचारू रूप से जारी कर दी जायेगी। इस दिवस के लिए काटे गये टोकन को अन्य दिवस में शिफ्ट कर दिया जाएगा। जिससे किसानों को दोबारा टोकन लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उल्लेखनीय है कि धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा।



### जिले में अवैध खरीदी एवं परिवहन पर कार्रवाई जारी

जिले में अवैध धान बिक्री, खरीदी एवं परिवहन के प्रकरणों में धान जप्ती की कार्यवाही भी लगातार की गई है। किसी भी स्तर की गड़बड़ी रोकने के लिए एवं जिले में सतत निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष कलेक्टोरेट में बनाया गया है, साथ ही नोडल अधिकारी भी क्षेत्रों का दौरा कर धान खरीदी की व्यवस्थाओं का निरंतर जायजा ले रहे है।

### धान खरीदी की चाक-चौबंद व्यवस्था

कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। सभी समितियों में धान खरीदी के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किये गये है। जिससे पंजीकृत किसान सुविधाजनक रूप से अपना धान उपार्जन केन्द्रों में बेच रहे है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए गरियाबंद जिले में 90 हजार 970 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 4662 नये किसान शामिल है। इस वर्ष 90 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 5 लाख 36 हजार 768 मेट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के धान खरीदी की चाक-चौबंद व्यवस्था की गयी हैं।

# तीन तुकड़े कर पत्नी की हत्या की शिकायत झूठी निकली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

पुलिस थाना फिगेंश्वर में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक व्यक्ति अपनी पत्नी की किसी के द्वारा हत्या कर तीन टुकड़े कर दिए जाने की शिकायत की। थाना प्रभारी पवन वर्मा, एसएस आई चिंता राम देशमुख सक्ते में आ गया और फौरन उस शिकायतकर्ता को साथ लेकर उनके बताए अनुसार खेमन कोशरे निवास ग्राम चरौदा सतनामी पारा पहुंचा। शिकायतकर्ता रतनदास सतनामी ग्राम बम्हनी ने पुलिस को वहां बताया कि खेमन सतनामी चरौदा अन्य ने मेरे वर्तमान निवास रायपुर पहुंच कर जानकारी दी कि तुम्हारी पत्नी रेणुका सतनामी की किसी ने हत्या कर तीन तुकड़े कर दिया है। इसलिए रायपुर से इस्पेशल गाड़ी किराए कर फिगेंश्वर थाना पहुंचा हुं। इतना सुनते ही खेमन परिवार एवं सतनामी परिवार के लोग पुलिस पर भड़क गए कहा कि आप लोग कम से कम कोटवार को फोन कर औपचारिक तस्दीक कर लिए होते। इस तरह की कोई इसको जानकारी नहीं दी है, न ही कोई ऐसा घटना घटी है। पुलिस को इन्होंने गुमराह किया है। इस पर पुलिस कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं पुलिस ने उसकी पत्नी रेणुका से फोन से बात हुई तब पुलिस ने राहत की सांस ली। उन्होंने बताया कि आए दिन मारपीट एवं चाकू से हमला किया ▶▶|शेष पेज 10 पर

### गुमराह किया

फिगेंश्वर थाना प्रभारी पवन वर्मा ने कहा कि रतनदास सतनामी थाना पहुंचकर शिकायत की। जिसकी तस्दीक के लिए चरौदा पहुंचे हैं। जो झुठा निकला। इन्होंने पुलिस को गुमराह किया है। लिखित शिकायत नहीं हुई है।

# बाबाकुटी मांडव्य ऋषि आश्रम में रामचरित मानस यज्ञ 12 से

### बाबाकुटी मेला 15 को, यज्ञ समापन पर होगी पूर्णाहुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

बाबाकुटि मांडव्य ऋषि आश्रम में श्रीराम चरित मानस महायज्ञ 12 से 15 दिसंबर तक ब्रह्मलीन श्री श्री 108 संत सिया भुनेश्वरी शरण व्यासजी महराज एवं श्याम सुन्दर शरण मौनी महाराज के सूक्ष्म सानिध्य में सम्पन्न होगा। यज्ञ कर्ता महामंडलेश्वर महंत गोवर्धन शरण महराज होंगे। कार्यक्रम में कथा वाचक आचार्य पंडित सुशील तिवारी, संत रामसेवक शरण, संत मिथिला शरण, साध्वी इंदिराप्रिया शरण, साध्वी हरिप्रिया शरण होंगे। कार्यक्रम में मानस मंडलियों के द्वारा अपनी अपनी प्रस्तुती दी जावेगी जिसमें सिद्धेश्वर मानस मांडली लभरा, राधा कृष्ण मानस मांडली परसदाकला, जय मां मौली महिला मानस मांडली पथर्री, सूर्यादय मानस मांडली तरजुंगा, नवा सुरज मानस मांडली बनगवा, साधना मानस मांडली बारुला, मानस प्रचार प्रसार मानस मांडली सेंदर, राम कहानी ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ विधायक रोहित साहू महायज्ञ में होंगे शामिल

# 10 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नया सवेरा अभियान अंतर्गत वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा समस्त थाना प्रभारी को अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत गांजा, शराब,जुआ, सट्टा पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन मे आज दिनांक को थाना प्रभारी छुरा उप निरीक्षक दिलीप मेश्राम को मुखबिर से सूचना मिल की दो व्यक्ति कच्ची महुआ शराब लेकर बिक्री के लिए अपने मोटरसाइकिल से निकले हैं जिसकी सूचना तस्दीक पर घटनास्थल राजा तालाब सामुदायिक भवन के पास गादीकोट छुरा को घेराबंदी कर मोटरसाइकिल बाजाज प्लोटिना क्रमांक CG 06 GC 4802 को रुकवा कर पकड़ा गया। आरोपी टिकनु कुंजाम कुंजम निवासी पलटनपारा जलकीपानी एवं चरण निषाद निवासी कसेकेरा थाना कोमाखान के कब्जे से एक पीले रंग के प्लास्टिक जारकीन मे 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2000 रूपए रखा पाया गया। जिसे समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से उक्त आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों के विरुद्ध पर्याप्त सबूत पाए जाने से समक्ष गवाहन के विधिवत्त गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना छुरा पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।





# बांस के बर्तन व झाड़ू बनाकर मुनाफा कमा रही हैं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



प्रदेश के विष्णुदेव सरकार की महतारी वंदना योजना ने वित्तीय सहायता प्रदान करके स्वयं के व्यवसाय चलाने वाली खासतौर पर कमार विशेष पिछडी जनजाति की महिलाओं के वरदान साबित हो रही है। आदिवासी विकासखंड मैनपुर के विशेष पिछडी जनजाति की कई महिला प्रतिमाह मिलने वाली एक हजार की राशि से बांस खरीदकर बांस का बर्तन, झाड़ू बनाकर अच्छे दामों में बाजार में बेचकर मुनाफा कमा रही है। विकासखंड मैनपुर के ग्राम पंचायत तुहामेटा के आश्रित ग्राम नारीपानी की महिला सुकवती सोरी एवं धनमोतिन सोरी ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से मिलने वाली एक हजार महतारी वंदन योजना की राशि न केवल बचत में मदद करती है बल्कि महिलाओं और उनके परिवारों के लिए एक उज्जवल भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त करती है। इस योजना से मिलने वाली मासिक वित्तीय सहायता से घर की जरूरते भी पूरा हो रही है एवं इस राशि से हमारे स्वयं के व्यवसाय को भी सहारा मिल रहा है। महिलाओ ने बताया कि एक हजार की राशि से वे बांस की खरीदते है और उस बांस से सुपा, टोकरी, चटाई, छितोरी, बांस की पेटी, झाड़ू, सहित कई घरेलू सामान तैयार करते है जिसे मार्केट मे बेचकर मुनाफा कमाते है। महिलाओं को सक्षम आत्मनिर्भर बनाने के लिए महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ सरकार ने शुरू की है। इससे महिलाओं में ▶▶|शेष पेज 10 पर

गरियाबंद पुलिस की सराहनीय पहल कहा गुम मोबाइल की दें सूचना

# 33 गुम मोबाइल बरामद, कॉप ऑफ द मंथ सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

पुलिस ने आमजन की खुशियों को लौटाने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से साबित किया है। साइबर सेल की मदद से 33 गुम मोबाइलों को बरामद कर उनके असल मालिकों को सुपुर्द किया गया। गुम हुए मोबाइल मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई। पुलिस की यह पहल आने वाले समय में भी जारी रहेगी। गरियाबंद पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि उनका मोबाइल गुम हो जाए, तो वे तत्काल इसकी सूचना साइबर सेल को दें। यह पहल सुनिश्चित करती है कि गुम मोबाइल जल्द से जल्द उनके मालिकों तक पहुंचे। हर महीने की तरह, इस बार भी नवंबर माह में ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को 'कॉप ऑफ द मंथ' के खिताब से सम्मानित किया गया।

**सम्मानित होने वाले अधिकारी-कर्मचारी-** संजय तिवारी सहायक उप निरीक्षक और पिंकी ध्रुव महिला आरक्षक, थाना फिंगेश्वर : 5 साल से गुम नाबालिग बालिका को कर्नाटक-आंध्र प्रदेश बॉर्डर से सकुशल बरामद कर उनकी मां को सौंपने में विशेष भूमिका। प्रधान आरक्षक धनुष निषाद (511) और आरक्षक रिजवान कुरैशी (580) थाना छुरा में हत्या के प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार करने में विशेष योगदान। आरक्षक तरुण यादव (730) और आरक्षक (344) 33 गुम मोबाइल और साइबर फ्रॉड के मामले में होल्ड किए गए अमाउंट को वापस दिलाने में सराहनीय कार्य।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिसकर्मियों का सम्मान



### आमजन की सुरक्षा और विश्वास बहाली में तत्पर

गरियाबंद पुलिस की यह पहल जिले में जनता के प्रति पुलिस की संवेदनशीलता और तत्परता को दर्शाती है। भविष्य में भी इस तरह के कदमों को जारी रखने का संकल्प लिया गया है।


बोर खनन
राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम



बोर खनन के लिए संपर्क करें-
बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग - ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग - ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर - ₹1000
छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000
100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है। बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।
मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने
मो. 7828297607,9009541542

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

# रविवि प्रबंधन ने अंततः खरीदे खिलाड़ी छात्रों के लिए ट्रैकसूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि ने उठाया था खिलाड़ी छात्रों को ट्रैकसूट नहीं देने का मुद्दा**

खबर का असर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने अंततः अपने खिलाड़ी छात्रों के लिए ट्रैकसूट की खरीदी कर ली है। पिछले शैक्षणिक सत्र में रविवि ने अपने विद्यार्थियों को ट्रैकसूट का वितरण नहीं किया था।

शैक्षणिक सत्र 2023-24 के प्रारंभ में टेंडर और खरीदी को लेकर लेट-लतीफी की गई। इसके बाद विधानसभा आचार संहिता का हवाला देकर वितरण नहीं किया जा सका। पिछले सत्र में खिलाड़ी छात्रों को ट्रैकसूट के बगैर ही खेल गतिविधियां पूर्ण करनी पड़ी थी। कई महाविद्यालयों ने इसे लेकर नाराजगी भी जाहिर की थी। हरिभूमि ने खिलाड़ी छात्रों की इस समस्या को प्रमुखता के साथ उठाया था। अब शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए 1230 नग ट्रैकसूट की खरीदी की गई। इसके लिए 10 लाख 7 हजार 370 रुपए का भुगतान रविवि द्वारा संबंधित फर्म को करने कार्यपरिषद की बैठक में निर्णय पारित किया गया है।

गौरतलब है कि अंतरमहाविद्यालयीन खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों को रविवि द्वारा ट्रैकसूट प्रदान किए जाने का नियम है। खरीदी पश्चात वर्तमान सत्र में खिलाड़ी छात्रों को ट्रैकसूट प्रदान किए जा रहे हैं।

### परीक्षा में खर्चे 4 करोड़ 16 लाख

शैक्षणिक सत्र 2023-24 की वार्षिक और सेमेस्टर परीक्षाओं में रविवि द्वारा 4 करोड़ 16 लाख रूपए खर्च किए गए हैं। सामान्यतः महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा संबंधित कार्यों में अपने मद से राशि का व्यय किया जाता है। इसके पश्चात रविवि पैसों का भुगतान करता है। कार्यपरिषद की बैठक में इस शेष राशि का भुगतान करने निर्णय पारित किया गया। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए परीक्षा कार्य जारी है। इसमें खर्च होने वाली राशि का भुगतान अगले शैक्षणिक सत्र में किया जाएगा।




■ कार्यपरिषद की बैठक में लिया गया फैसला

### निशुल्क होगा अंकसूची सत्यापन

इसके अतिरिक्त रविवि द्वारा अन्य महत्वपूर्ण फैसले भी कार्यपरिषद की बैठक में लिए गए हैं। अब तक रविवि अंकसूची अथवा उपाधि प्रमाणपत्र सत्यापन व छायाप्रति के लिए निर्धारित शुल्क लेता रहा है। लेकिन पुलिस को अब यह सुविधा निशुल्क रूप से प्रदान की जाएगी। केंद्र अथवा राज्य शासन द्वारा होने वाली पुलिस संबंधित जांच में सहयोग करने के लिए रविवि ने व्यवस्था में यह बदलाव किया है। हालांकि अन्य विद्यार्थियों से पूर्ववत ही शुल्क लिए जाते रहेंगे। यह सुविधा सिर्फ पुलिस को कार्रवाई में सहयोग करने के उद्देश्य से दी जा रही है। गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष थोक में पुलिस के बाद फर्जी मार्कशीट से नौकरी हासिल करने सहित कई तरह के मामले सामने आते रहे हैं। इनके समाधान के लिए विश्वविद्यालय के सहयोग की आवश्यकता पुलिस विभाग को होती है।

## खबर संक्षेप

### शहिद वीर नारायण सिंह दिवस पर कार्यक्रम आज



मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में आदिवासी युवा- युवती प्रभाग एवं सर्व आदिवासी विकास परिसर द्वारा 10 दिसंबर को शहिद वीर नारायण सहदत दिवस के अवसर पर मंगल भवन शिक्षक कालोनी मैनपुर में सुबह 10 बजे से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम ने देते हुए सभी से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### देवभोग में आयुष स्वास्थ्य शिविर 13 को

**गरियाबंद।** विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 13 दिसंबर को विकासखण्ड मुख्यालय देवभोग में आयोजित किया जायेगा। शिविर में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी शिविर में मौजूद होकर लोगों की स्वास्थ्य जांच करेंगे। शिविर में दवाई वितरण के लिए फार्मासिस्ट भी मौजूद रहेंगे। शिविर में औषधालय सेवक एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की भी ड्यूटी लगाई गई है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. निकिता ध्रुव ने अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर स्वास्थ्य जांच कराने एवं जरूरी स्वास्थ्य सलाह प्राप्त करने की अपील की है।

### कांग्रेस का धरना आज

**फिंगेश्वर।** पुराने बस स्टेंड फिंगेश्वर मे दोपहर 12.30 बजे से 4.30 बजे तक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के दिशा निर्देशन में प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल की अगवाई में भाजपा सरकार के धान खरीदी पर वादा खिलाफी नीतियों के खिलाफ एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन ब्लॉक मुख्यालय फिंगेश्वर में 10 दिसंबर को आयोजित किया गया है। जिसमें समस्त वरिष्ठ कांग्रेसजन, जिला,ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, सभापति, जिलाध्यक्ष, जनपद सदस्य, पार्षद, पूर्व एल्डरमेन, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, आदिवासी कांग्रेस, मछुआ कांग्रेस, मजदूर कांग्रेस, विधि प्रकोष्ठ, झुग्गी झोपड़ी कांग्रेस, आईटी सेल, किसान कांग्रेस, कर्मचारी कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस, खेल प्रकोष्ठ, जोन, सेक्टर, बूथ अध्यक्ष, सरपंच, पंच एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्तागण की उपस्थित रहेंगे।

### रंगमंच निर्माण के लिए 2.50 लाख रुपए की स्वीकृति मिली

**गरियाबंद।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी की अनुशंसा पर कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने एक निर्माण कार्यों के लिए 2 लाख 50 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत बिन्द्रानवागढ़ के वार्ड क्रमांक 5 में रंगमंच निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 50 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यो के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गरियाबंद को सौंपा गया है।

## प्रदेशभर से पहुंचे 200 से अधिक बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक

# रोजगार सुरक्षा के लिए किया हनुमान चालीसा पाठ, पुलिस ने रोका, भिड़े शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार दोपहर राम मंदिर के समक्ष जमकर हंगामा हुआ। यहां प्रदेशभर से 200 से अधिक की संख्या में बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक पहुंचे हुए थे। वे अपनी नियुक्ति रद्द नहीं करने की मांग लेकर यहां पहुंचे हुए थे। नौकरी की रक्षा के लिए वे यहां हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे, लेकिन हनुमान चालीसा की पंक्तियां पूर्ण होने के पूर्व ही पुलिस ने उन्हें वहां से हटा दिया। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से जमकर कहा-सुनी हुई।

पुलिस ने प्रदर्शनकारी लोगों को जबरन खदेड़ा। दोपहर में मंदिर के पट बंद होने के कारण प्रदर्शनकारी शिक्षक मंदिर के बाहर ही बैठकर पाठ करने लगे। पुलिस द्वारा हटाए जाने पर भी नहीं हटने के बाद दोनों पक्षों में गहमागहमी शुरू हो गई। करीब घंटेभर तक दोनों पक्षों में तकरार चली। इस दौरान यातायात भी प्रभावित रहा।

### यह है मामला

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापक के पद पर सेवाएं देने सिर्फ डीएलड डिग्रीधारियों को ही योग्य ठहराया था। इसके उलट प्रदेश में बीएड डिग्रीधारियों को भी प्राथमिक कक्षाओं में पदस्थ कर दिया गया था। डीएलएड डिग्रीधारियों ने इन नियुक्तियों को कोर्ट में चुनौती दी थी। सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया था कि डीएलएड वालों की लिस्ट जारी करें। आदेश के बाद भी शासन द्वारा बीएड शिक्षकों को उनके पदों से नहीं हटाया गया और ना ही डीएलएड वाले अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई। 10 दिसंबर को कंटेंप्ट-ऑफ-कोर्ट की सुनवाई होने वाली है। इसके बाद प्राथमिक कक्षाओं में बतौर सहायक शिक्षक नियुक्त बीएड डिग्रीधारियों को हटाए जाने की आशंका है। इसके विरोध में ही शिक्षक प्रदर्शन करने पहुंचे थे।

**अपनी नियुक्ति यथावत बनाए रखने की मांग, पुलिस ने खदेड़ा**



### 14 महीने से नौकरी कर रहे हैं 2900 सहायक शिक्षक

कांग्रेस शासनकाल में शिक्षकों के 10 हजार पदों पर भर्तियां निकाली गई थी। इस दौरान प्राथमिक कक्षाओं में बीएड डिग्रीधारी 2 हजार 900 अभ्यर्थियों को सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्त किया गया। जिन शिक्षकों को हटाकर डीएलएड डिग्रीधारियों की नियुक्ति की तैयारी की जा रही है, वे बीते 14 माह से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रदेश में यह पहला मामला होगा, जब इतनी बड़ी संख्या में किसी को नियुक्ति देकर लंबे समय तक सेवा लेने के पश्चात पदमुक्त किए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

### लंबे समय से चल रहा विवाद

बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षक पूर्व में भी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर चुके हैं। उनके द्वारा विभिन्न स्तर पर मंत्री और शासन-प्रशासन के लोगों से मुलाकात कर अपनी मांग रखी जा चुकी है। इसके बाद भी उन्हें कोई राहत नहीं मिल सकी है। बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षक जो प्राथमिक कक्षाओं में सेवारत हैं, का कहना है कि उन्हें डीएलएड की पढ़ाई सेवा के साथ-साथ करा दी जाए, जिससे उनकी नौकरी सुरक्षित रहे और न्यायालय के आदेश की अवमानना ना हो।

### सुनाई अपनी पीड़ा

प्रदर्शन के दौरान बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों ने अपनी पीड़ा भी बताई। कई का कहना था कि वे अपने घर में एकलौते कमाने वाले हैं तो कई ने इस नौकरी के लिए निजी नौकरी ठुकराए जाने की बात कही। कई शिक्षकों ने बताया कि उनकी शादी इस शासकीय नौकरी के आधार पर ही तय हुई थी। शासकीय नौकरी नहीं रहने पर अब उनके रिश्ते पर भी संकट मंडरा रहा है। इस तरह की अन्य पारिवारिक व आर्थिक दिक्कतें प्रदर्शनकारियों ने साझा की।

## पॉवर कंपनीज़ बैडमिंटन का फाइनल जीता रायपुर रीजन ने

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज की अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में रायपुर रीजन विजेता रहा। टीम इवेंट में कोरबा वेस्ट की क्षेत्र उपविजेता रही।

पुरस्कार वितरण समारोह 9 दिसंबर को कंचना स्थित निजी कोर्ट में होगा, जिसमें प्रबंध निदेशक गण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। पॉवर कंपनीज की क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वाधान से आयोजित अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रदेशभर की 10 टीम हिस्सा ले रही हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ा सचिव विनय चंद्राकर ने बताया कि टीम इवेंट की प्रतियोगिता में रायपुर रीजन एवं कोरबा वेस्ट के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। रायपुर की टीम ने 12 वर्षों की चैंपियन कोरबा वेस्ट की टीम 03-02 से पराजित किया। विजेता टीम के खिलाड़ी योहन नायक, राजेश ठाकुर, दिलेश्वर ठाकुर, के गिरीश व नवीन इक्का ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। कोरबा वेस्ट के खिलाड़ी अविनेश पाठक, सीमांत मिंज, एम जोशी, नरेंद्र उइके एवं गौरव गुप्ता ने कांटे की टक्कर दी।

सोमवार 9 दिसंबर को महिला एकल में झरना लता साहू व संध्या रानी के बीच फाइनल मुकाबला होगा। महिला युगल का फाइनल कोरबा पूर्व और रायपुर सेंट्रल के बीच होगा। पुरूष युगल का मुकाबला रायपुर सेंट्रल व बिलासपुर क्षेत्र की टीम के बीच कल खेला जाएगा।

# बलौदाबाजार के फरार बदमाशों ने नकली नोट से गांजा खरीदने रायपुर में बनाया था ठिकाना



■ नोट खपाने से पहले पकड़े गए शातिर

■ हत्यारोपी को फरार कराने समेत मारपीट तथा गांजा तस्करी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार जिले की लवन पुलिस ने नकली नोट खपाने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों एक हत्यारोपी को फरार कराने में मददगार होने के आरोपी हैं। इनमें एक गांजा बेचने तथा मारपीट के मामले का फरार आरोपी है। बदमाश भाठागांव स्थित विनायक नगर में किराए का मकान लेकर नकली नोट छापने का काम कर रहे थे।

लवन टीआई केशर पराग के मुताबिक, भुवन साहू उर्फ भूपेश तथा तुषाल उर्फ सोनू साहू को नकली नोट खपाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पूरे मामले का खुलासा करते हुए बलौदाबाजार एएसपी अभिषेक सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश तुषाल तथा भुवन के खिलाफ हत्या के आरोपी को फरार कराने का मामला दर्ज है, इनमें भुवन गांजा तस्करी तथा मारपीट के मामले में फरार आरोपी है। बदमाश पुलिस से बचने चार माह पूर्व फरारी काटने रायपुर में किराए का मकान लेकर रह रहे थे। वे रवि भवन स्थित किसी मोबाइल दुकान में काम कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, घटना में शामिल एक अन्य बदमाश फरार है।

### नकली नोट से गांजे के कारोबार की थी योजना

पूछताछ में बदमाशों ने पुलिस को बताया कि उनकी योजना बड़े पैमाने पर नकली नोट बनाकर, ओडिशा से गांजा लाकर यहां बेचने की योजना थी। इसके लिए उन्होंने एक कलर प्रिंटर खरीदा और ओरिजनल करेंसी की हूबहू कॉपी कर नकली नोट प्रिंट करने लगे।

### नोट ऐसे कि कोई असल-नकल की पहचान न कर पाए

पुलिस के अनुसार, बदमाश क्षेत्र में कुछ नकली नोट बाजार में चला चुके हैं। बदमाश नोट खपाकर ये पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि उनके द्वारा प्रिंट किए गए नकली नोट को कोई पहचान पा रहा है या नहीं। बदमाश सौ रुपए के नकली नोट में नकली चांदी की हरी पट्टी तक लगा चुके थे, जिसे सामान्य व्यक्ति आसानी से पहचान नहीं सकता कि नोट असली है या नकली।

# शहीद वीरनारायण सिंह का परिवार बलिदानी, कोर्ट ने दी थी कालापानी की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के तीन राजवंशों ने अंग्रेजों के साथ युद्ध करते हुए खुद को न्योछावर किया था। सोनाखान के जमींदार शहीद वीरनारायण सिंह, संबलपुर के जमीदार माधो सिंह और राजगद्दी के दावेदार वीर सुरेंद्र साय ने सैकड़ों साथियों का आजादी के लिए बलिदान कर दिया था। रविवार को पत्रकारवार्ता में महासमुंद के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने उक्त बातें कही। उन्होंने बताया कि रायपुर कोर्ट से पहली बार उन्हें कालापानी की सजा सुनाई गई थी। बलिदानी परिवार के बारे में युवा जान सकें, इसके लिए मुख्यमंत्री से मिलकर उनके जीवन संघर्ष से जुड़ी गाथा पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि माधो सिंह, वीरनारायण के ससुर और शहीद हटे सिंह उनके साले थे।



■ पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

उन्होंने दो बड़े अंग्रेज सैन्य अधिकारियों का वध किया। घटनाक्रम को देखते हुए माधो सिंह के पुत्र हटे सिंह एक नायक की तरह उभरे। वे छत्तीसगढ़ के पहले क्रांतिकारी थे, जिन्हें अंग्रेजों ने कालापानी की सजा देकर अंडमान की सेल्यूलर जेल में डाला था। जहां से वे कभी लौटकर नहीं आए।

*पराक्रम और त्याग से आमजन अनजान : श्री साहू ने बताया कि वीरनारायण सिंह, माधो सिंह, हटे सिंह और उनके परिवार के बलिदान को अब इतिहास के पन्नों से बाहर निकालने की जरूरत है।*



### सिंधी काउंसिल ने तीन जगह लगाया आयुष्मान कार्ड शिविर

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं स्वास्थ्य विभाग के विशेष सहयोग से तीन स्थानों पर आयुष्मान कार्ड कैंप लगाया गया। साथ ही 70 वर्ष की आयु से अधिक के बुजुर्गों का 5 लाख की सहायता संबंधी आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि बीपीएल कार्डधारियों को भी 5 लाख का पूरे परिवार एवं बिना बीपीएल राशन कार्ड वाले परिवार को 50 हजार का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसी दौरान रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने लाखेनगर सिंधी धर्मशाला में कैंप का उद्घाटन किया और कहा, केंद्र और राज्य मिलकर आयुष्मान कार्ड योजना लेकर आए हैं, डबल इंजन की सरकार की सोच हर वर्ग का ध्यान रख रही है और इसका लाभ सभी वर्ग लें।

# बढ़ी ब्रेन स्ट्रोक की शिकायत, छोटा पड़ने लगा डीकेएस का न्यूरोलॉजी विभाग

■ लंबा इलाज होने के कारण फुल रहता है विभाग, 30 से बढ़ाकर 50 बेड करने की योजना


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बदलती लाइफ स्टाइल के चलते ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों की बढ़ती संख्या की वजह से डीके सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल का न्यूरोलाजी विभाग अब छोटा पड़ रहा है। उपचार अवधि लंबी होने से यहां के बिस्तर खाली नहीं मिलते, इसे ध्यान में रखते हुए क्षमता 30 से बढ़ाकर 50 किए जाने की योजना है। यहां क्रिटिकल केयर सहित चार नए विभाग भी शुरू करने का प्रस्ताव है।

करीब चार सौ बेड की क्षमता वाले डीके अस्पताल में आठ विभागों का संचालन किया जा रहा है। यहां सबसे अधिक मरीज न्यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी विभाग में भर्ती हैं। पिछले कुछ समय से ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़े हैं, जिसकी वजह से डीकेएस के इस विभाग में 30 बेड का वार्ड अक्सर फुल रहता है। कई बार स्थिति ऐसी होती है कि मरीजों को इलाज के लिए क्रिटिकल केयर सहित अन्य विभागों में रखना पड़ता है। मरीजों की संख्या अधिक होने से यहां की क्षमता में विस्तार जरूरी है और इसके लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा। आने वाले दिनों में यहां 50 मरीजों को भर्ती कर उपचार की सुविधा दी जाएगी। इसी तरह कोरोनाकाल में डीके अस्पताल में प्रारंभ किए गए क्रिटिकल केयर का सेटअप अलग करने वित्त विभाग से मंजूरी का इंतजार किया जा रहा है। अभी इस विभाग को इमरजेंसी मेडिसिन की मदद से संचालित किया जा रहा है। अस्पताल में मरीजों की सुविधा के विस्तार और एमसीएच का कोर्स प्रारंभ करने के लिए चार विभाग शुरू किए जाने की तैयारी चल रही है।

■ क्रिटिकल केयर को वित्त की मंजूरी का इंतजार, तीन नए विभाग शुरू करने का प्रस्ताव



### विस्तार की जरूरत

न्यूरोलॉजी विभाग में उपचार की प्रक्रिया लंबी होती है, इसलिए यहां बेड फुल रहते हैं। मरीजों की सुविधा के लिए बेड बढ़ाने की आवश्यकता है। यहां तीन नए विभाग और एक विभाग का अलग सेटअप बनाने की योजना भी प्रस्तावित है।
- **डॉ. हेमंत शर्मा,** उपअधीक्षक, डीके अस्पताल

### ब्लड, हार्मोस और वात रोग का इलाज

भविष्य में डीके अस्पताल में रक्त संबंधी बीमारियों की जांच के लिए हेमेटोलॉजी, हार्मोस से संबंधी जांच के लिए एंडोक्रिनोलॉजी तथा वात रोग की वजह से होने वाले बीमारियों के इलाज के लिए रुमेटोलॉजी विभाग प्रारंभ किए जाने की योजना है। बदलते समय और भविष्य की जरूरतों के हिसाब से शासकीय सेक्टर में इन बीमारियों के उपचार की सुविधा देने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### नई बिल्डिंग की जरूरत

अस्पताल से संबंधित चिकित्सकों का कहना है कि विभागों की संख्या बढ़ाने और वहां एमसीएच कोर्स का संचालन करने के लिए ज्यादा जगह की आवश्यकता होगी। संचालित आठ विभाग और प्रशासनिक ब्लॉक के बाद यहां अतिरिक्त निर्माण की संभावना कम है। इसके लिए यहां करीब दो सौ बेड की क्षमता वाली नई बिल्डिंग बनाने की आवश्यकता होगी। पुरानी योजना के अनुसार यहां नए भवन का निर्माण भी लंबित पड़ा है।

# क्रिकेट स्पर्धा के पुरस्कार वितरण में शामिल हुईं पंचायत अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गुढभेली सागौन प्लांट स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण में जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष स्मृति ठाकुर पहुंचे। उन्होने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हे बेहतर खेल प्रदर्शन करने के लिए बधाई दिया तथा पुरस्कार वितरण किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जनपद सदस्य केदार डोंगरे, सरपंच रूपादी मांझी, उपसरपंच सुरेश हंसराज, अलतमस खान, भोजलाल पटेल, चरण मांझी जय पाथर, भारत भाठी, वेद पाथर, दिनेश भाठी, विश्वनाथ बस्तीया एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष...

### तीन तुकड़े कर...

था। जिसका मामला रायपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज है। दरअसल रतनदास का चरौदा में ससुराल है, खेमन के बहन से शादी हुई है जिसकी दो बच्चे हैं। फिलहाल रतनदास को पुलिस को गुमराह करने के आरोप में थाना जरूर ले गया लेकिन बाद में छोड़ दिया। कार्रवाई नहीं होने से चरौदा में पुलिस के प्रति नाराजगी जताई है। जानकारो के अनुसार पुलिस में झूठी शिकायत देने वालों को एक साल तक की सजा का प्रावधान है। पहले धारा 182 आईपीसी और वर्तमान कानूनों के तहत धारा 217 बीएनएस के अनुसार पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाती है। ऐसे लोगों पर सिंकंजा कसने के बजाय पुलिस शिथिलता बरत रही है।

### बाबाकुटी मांडव्य ...

मानस मांडली चैतरा, जागृति महिला मानस मांडली फिंगेश्वर, शिवम मानस मांडली बलरामपुर आदि शामिल होंगे। इस अवसर पर रविवार को मेला मड़ई कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। सभी श्रद्धालुगणों के लिए भोजन प्रसादी बांटी की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम में सुबह 7 बजे से हवन पूजन, रामायण पाठ 12 बजे, यज्ञ भगवान की आरती और कथा प्रवचन एवं कीर्तन समय 1 बजे से शाम तक होगी। मंच संचालक जागेश्वर साहू ने कहा कि इस महायज्ञ एवं 15 दिसंबर को होने वाले मेले मे सभी श्रद्धालुगण अवश्य ही पधारकर भजन-कीर्तन प्रवचन के भवसागर मे गोते लगावे। कार्यक्रम मे राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू को भी उनके निवास पर जाकर आमंत्रित किया गया है। जिसमें उन्होंने महायज्ञ में आने का आश्वासन दिया है। कार्यक्रम में सेन्दर, परसठ्ठी, बारुला, खुड़ियाडीह खुटेरी, बिजली, बहेरपाल, बोरसी, मड़वाडीह, रवेली पुरेना, बिनौरी, फिंगेश्वर के श्रद्धालु शामिल होंगे।

### बांस के बर्तन व...

एक नया आत्मविश्वास जगा है और उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा भी बढ़ी है। महतारी वंदन योजना के तहत राज्य में विवाहित महिलाओं को 1,000 रुपए प्रतिमाह वित्तीय सहायता डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जा रही है। वहीं महिलाएं भी खुश है कि वो महतारी वंदन योजना से मिली राशि से अपने बच्चों और परिवार की छोटी-छोटी जरूरतें पूरी कर पा रहीं है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मी होंगे पुरस्कृत

**गरियाबंद।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 के अवसर पर निर्वाचन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को पुरस्कृत किया जाएगा। निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी, कर्मचारी एवं संस्थाओं को उनके द्वारा 01 जनवरी 2024 के पश्चात संपादित उत्कृष्ट निर्वाचकीय कार्यो को प्रोत्साहित करने के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर होने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2025 कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जायेगा। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आरओ एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राजिम एवं देवभोग, तहसीलदार एआरओ एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी गरियाबंद, देवभोग, राजिम, मैनपुर, छुरा एवं अमलीपदर को कर्मियों के नामांकन के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। भारत निर्वाचन आयोग के मंशा के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में कियाशील फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यकम अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 एवं मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण तथा छत्तीसगढ़ में संपादित लोकसभा निर्वाचन 2024 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कारों की विभिन्न श्रेणियां निर्धारित की गई है। जिला स्तरीय पुरस्कार अंतर्गत बी.एल.ओ. पुरस्कार, प्रोफेसर नोडल ऑफिसर पुरस्कार। राज्य स्तरीय पुरस्कार अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य से किसी 03 जिला निर्वाचन अधिकारी पुरस्कार, उत्कृष्ट आरओ, एआरओ अधिकारी पुरस्कार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरस्कार, निर्वाचन पर्यवेक्षक पुरस्कार, निर्वाचकीय कार्यों में उत्कृष्ठता के साथ कार्य करने वाले व्यक्ति, संस्था एवं पदाधिकारी को राज्य स्तर पर विशेष पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार इआरओ पुरस्कार, एईआरओ पुरस्कार, बीएलओ पुरस्कार, सहायक प्रोगामर पुरस्कार, एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर पुरस्कार दिया जायेगा।

# प्रदेश में भाजपा बनाएगी 75 नए मंडल, अब एक मंडल में होंगे 45 से 50 बूथ

## राष्ट्रीय नेतृत्व से मंजूरी के बाद संगठन चुनाव में बनाए जा रहे नए मंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भाजपा का संगठन चुनाव चल रहा है। बूथ कमेटियों के चुनाव के बाद अब मंडल अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। इसके पहले नए मंडलों का भी गठन किया जा रहा है। प्रदेश संगठन ने राष्ट्रीय नेतृत्व से प्रदेश में मंडलों की संख्या बढ़ाने की मंजूरी मांगी थी, वहां से मंजूरी मिलने के बाद अब नए मंडल बनाने का काम भी प्रारंभ कर दिया गया है। इसके लिए यह फार्मूला तय किया गया कि एक मंडल में 45 से 50 बूथ ही होंगे। एक दिन पहले ही रायपुर शहर में चार नए मंडल बनाए गए हैं। दूसरे जिलों में भी यह काम चल रहा है। करीब 75 नए मंडल बनेंगे और मंडलों की संख्या 405 से बढ़कर 480 हो जाएगी। छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभाओं में 24 हजार से ज्यादा बूथ हो गए हैं, लेकिन भाजपा के मंडलों की संख्या अब भी 405 ही है, जबकि जिलों की संख्या में भी इजाफा हो गया है। इस बार प्रदेश संगठन ने राज्य में संगठन चुनाव से पहले राष्ट्रीय नेतृत्व को मंडलों की संख्या में इजाफा करने का प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अब मंडलों की संख्या बढ़ाई जा रही है।

अलग खबर

### ये है फार्मूला

मंडलों की संख्या बढ़ाने जो फार्मूला तय किया गया है, उसमें सबसे अहम ये है कि अब एक मंडल के लिए बूथों की संख्या 45 से 50 होगी। इस समय कई मंडलों में 80 से 100 या फिर इससे भी ज्यादा बूथ हैं। जैसे राजनांदगांव के एक मंडल में सौ बूथ हैं। अब उसे दो मंडलों में बांटा जा रहा है। रायपुर शहर की चार विधानसभाओं में एक हजार से ज्यादा बूथ हैं, लेकिन यहां पर मंडल 16 थे, एक-एक मंडल में 80 से 90 बूथ थे। अब यहां 20 मंडल कर दिए गए हैं। ऐसे में अब एक मंडल में 50 बूथ ही रहेंगे।



### अब होंगे ज्यादा मंडल अध्यक्ष

प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने बताया, राष्ट्रीय नेतृत्व से मंजूरी मिलने के बाद प्रदेश संगठन ने मंडलों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया है, ऐसे में मंडलों के चुनाव में भी अब 405 मंडलों के स्थान पर करीब 480 मंडलों का चुनाव होगा। 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों का चुनाव होना है, इसकी प्रक्रिया चल रही है। मंडल अध्यक्षों के बाद जिलाध्यक्षों का चुनाव 16 से 31 दिसंबर तक होगा।

### मंडलों के जिले भी बदल रहे

*नए मंडलों के गठन के कारण कुछ मंडलों के जिलों के साथ विधानसभा में भी बदलाव होने जा रहा है। जैसे दुर्ग और भिलाई के कुछ मंडलों की विधानसभा के साथ जिले भी बदल रहे हैं। इसी तरह से अन्य जिलों में भी परिवर्तन वहां पर मंडलों के परिसीमन के कारण हो रहा है।*

## खबर संक्षेप



### आदित्य को राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान

**रायपुर।** राजधानी निवासी 11 वर्षीय आदित्य राजे को नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान-2024 प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें पर्यावरण संरक्षण एवं योग के क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया। आदित्य राजे को यह सम्मान ललिता देवी इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस छतरपुर नई दिल्ली में टीवी कलाकार गजेंद्र चौहान द्वारा प्रदान किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए अलग-अलग राज्यों से व्यक्तियों का चयन इस पुरस्कार के लिए किया गया था। आदित्य यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले सबसे कम उम्र के प्रतिभागी रहे।

### लभांडी से जोरा तक सर्विस रोड का काम बंद



**रायपुर।** साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि रायपुर शहर से आरंग रोड की ओर राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ वर्षों बाद जैसे-तैसे लभांडी से जोरा तक सर्विस रोड की पहली परत का निर्माण वर्षा ऋतु के पहले तक हो गया था। इस सर्विस रोड का निर्माण एजेंसी द्वारा वर्षा ऋतु समाप्त हो जाने के बाद दूसरी लेयर का काम शुरू कर देना चाहिए था, लेकिन अभी तक यह महत्वपूर्ण निर्माण कार्य शुरू ही नहीं किया गया है। इसीलिए इस सर्विस रोड की दूसरी लेयर का काम संबंधित एजेंसी से जल्दी शुरू कराने के लिए समिति साईंनगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण मुख्यालय नई दिल्ली तक छत्तीसगढ़ राज्य के प्रभारी जनरल मैनेजर को फीडबैक देकर संबंधित निर्माण एजेंसी को समुचित दिशा-निर्देश देकर जल्द से जल्द काम शुरू करने के लिए कहा गया।

### कूच बेहार ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के सूर्यकांत-फैज की शानदार पारी

**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर 19 कूच बेहार ट्रॉफी 2024 का आयोजन 06 नवंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पांचवा चार दिवसीय मैच (06 दिसंबर-09 दिसंबर) हैदराबाद में हैदराबाद अंडर-19 टीम के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन छत्तीसगढ़ अंडर-19 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 100.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 317 रन बनाए। हैदराबाद की ओर से आरोन जार्ज ने शानदार 87 रन बनाए। उनके अतिरिक्त सिद्धार्थ ने 45 रन तथा श्रिनिकेत ने 37 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से विकल्प तिवारी ने 5 विकेट तथा कृष्णा टांक ने 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 64.4 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 188 रन ही बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से विवेक यादव ने 37 रन तथा विकल्प तिवारी ने 31 रन बनाये। वहीं हैदराबाद की ओर से यशवीर ने 4 विकेट प्राप्त किये।

## शिविर : सांस्कृतिक संध्या एवं नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया गया प्रसार

# सात दिनी शिविर में स्वयं सेवकों ने बदली गांव की तस्वीर, सफाई रखने दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

प्रायोजित एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर के बैनर तले मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम पर राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम सोनासिली में दिनांक 29 नवंबर से 5 दिसंबर किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत समापन ग्राम के प्रथम नागरिक एवं सरपंच बिसवन्तिन बाई ध्रुव के मुख्य अतिथि में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्षता एसआर ध्रुव, प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल सोनासिली, विशिष्ट अतिथि के रूप में हुकुमत सिंह ग्राम पंचायत सचिव ने की। इस कार्यक्रम में महिला कमांडो के समस्त सदस्य, ग्राम के वरिष्ठ नागरिकगण, शासकीय हाई स्कूल सोनासिली एवं मिडिल स्कूल सोनासिली के समस्त शिक्षकगण आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. देवादास बंजारे ने कहा कि इन सात दिनों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रासेयो मार्गदर्शिका अनुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से स्वयंसेवकों ग्राम की सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, माय भारत प्रभात फेरी, माय भारत योगा शिविर, माय भारत परियोजना कार्य, माय भारत बौद्धिक परिचर्चा, माय भारत सांस्कृतिक ग्राम संपर्क, माय भारत देशी खेलकूद, माय भारत समीक्षा बैठक, माय भारत सांस्कृतिक संध्या सम्मिलित है। बौद्धिक परिचर्चा सत्र अंतर्गत प्रथम दिवस मानसिक स्वास्थ्य एवं कैरियर गाइडेंस, द्वितीय दिवस मेरा भारत के लिए युवा, एड्स पर विशेष परिचर्चा, तृतीय दिवस कोटपा एक्ट व मादक द्रव्यों का सेवन, ड्रग्स, शराब, वेपिंग, चतुर्थ दिवस मासिक धर्म और पोषण और मानव अधिकार, समानता, न्याय, स्वतंत्रता, पंचम दिवस मानसिक स्वास्थ्यरू चिंता, अवसाद, आत्महत्या आदि विषयों पर स्वयंसेवकों एवं स्थानीय युवकों को विभिन्न वक्ताओं द्वारा विशेष व्याख्यान दिया गया।



### राष्ट्रीय महत्व की गतिविधियों में भाग लें

माय भारत सांस्कृतिक संध्या के अंतर्गत मेरे भारत के लिए युवा, डिजिटल साक्षरता तकनीकी और संज्ञानात्मक क्षमताओं द्वारा सशक्त समाज, छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत पर विशेष जनजागरूकता सांस्कृतिक संध्या एवं नुक्कड़-नाटक के माध्यम से प्रसार किया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने माय भारत पर आगे चर्चा करते हुए बताया कि यदि आप 15 से 29 वर्ष की आयु के बीच के युवा नागरिक हैं, तो मेरा युवा भारत आपके पेशे को आगे बढ़ाने और सकारात्मक व्यक्तित्व विकसित करने का एक बेहतरीन अवसर है। आप यहां व्यावसायिक कौशल विकास, युवा नेतृत्व और सामुदायिक भागीदारी के अवसरों के बारे में जान सकते हैं। राष्ट्रीय महत्व की गतिविधियों में भाग लें और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दें।

### राम मंदिर पारा में की सफाई

परियोजना कार्य अंतर्गत शिविर आवासीय परिसर की सफाई, स्थानीय रंगमंच और बाजार परिसर की सफाई, विश्व एड्स दिवस पर विशेष कार्यक्रम, राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस और स्वास्थ्य जांच शिविर पर विशेष कार्यक्रम मौली पारा शिविर की सफाई, अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस और नेत्र जांच शिविर और नेत्रदान प्रोत्साहन सत्र पर विशेष कार्यक्रम, विश्व वन्यजीव संरक्षण दिवस पर विशेष कार्यक्रम, अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस (आईवीडी) और विश्व मृदा दिवस पर विशेष कार्यक्रम राम मंदिर पारा शिविर की साफ सफाई आदि कार्य किया गया। माय भारत सांस्कृतिक ग्राम संपर्क अंतर्गत मेरा युवा भारत, सही रास्ते पर चलें, मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार, एक समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए विकलांग व्यक्तियों के नेतृत्व को बढ़ावा देने जोर दिया गया।

# वार्ड दो में चौक का नामकरण मंगल पांडेय के नाम पर किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

कृषक सेवा सहकारी समिति राजिम के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता विकास तिवारी एवं पार्षद लेखा महोबिया के प्रयास से महान क्रान्तिकारी मंगल पांडे के नाम से चौंक का नामकरण वार्ड नंबर 2 में किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद अशोक यादव, उदय राम भारती, लाला पटेल, अश्वनी गेडाम, प्रकाश पटेल, शिव निर्मलकर, लोचन पटेल, पप्पू सोनकर आदि मौजूद थे। श्री तिवारी ने बताया कि महान क्रान्तिकारी मंगल पांडे के अमर रहें जयघोष के साथ पूजा-पाठ कर चौंक का नामकरण किया गया।

# सिख प्रीमियर लीग में जीकेएस रायपुर और तारु सिंह फाउंडेशन की जीत

**रायपुर।** 16 वीं सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत रविवार को रोमांचक मुकाबले हुए। पहले मैच में जीकेएस रायपुर की टीम ने शहीद जसजीत इलेवन कश्मीर को 3 विकेट से पराजित कर जीत हासिल की। जीकेएस के अर्जुन सिंह को 3 विकेट लेने व 18 रन बनाने के कारण प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में शहीद भाई तारु सिंह फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने 93 रन के विशाल अंतर से सिंह इलेवन पलपोरा कश्मीर को हराया। इस टीम के किवनूर सिंह छाबड़ा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अतिथियों ने प्रदान किया। इस मैच के अतिथि गुरप्रीत सिंग बांभरा, प्रभजोत सिंह सोनी (चण्डीगढ़), लखविंदर सिंह लकी, बलराज सिंह व हरविंदर सिंह थे। पहले बल्लेबाजी करते हुए शहीद जसजीत इलेवन कश्मीर की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 156 रन बनाए।

# पौधारोपण के नाम पर लाखों का भ्रष्टाचार जांच के बाद 5 साल बाद भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरीघाट में मनरेगा योजना के तहत वर्ष 2018–19 में 45 एकड भूमि पर वृक्षारोपण करने एक करोड़ 20 लाख रूपये की भारी भरकम राशि शासन ने स्वीकृत किया। सात अलग अलग स्तरों पर इस वृक्षारोपण कार्य को दो वर्ष में पूर्ण किया जाना था, जिसमें 45 एकड भूमि की फैसिंग के लिए लगभग 15 लाख रूपये, खाद के लिए 20 लाख रूपये स्वीकृत होने की बात बताई जाती है, और इस योजना के तहत फलदार वृक्ष आम आंवला, जामुन, अमरूद जैसे वृक्षो का रोपण करना था साथ ही इसके देख रेख की जिम्मेदारी भी ग्राम पंचायत बिरीघाट की थी, लेकिन इस पौधारोपण के नाम पर जो भ्रष्टाचार सामने आया है, वह सब को चौकाकर रख दिया है, आज मौके पर 10 पौधे भी जीवित नहीं बचे है, और चारो तरफ घांस, फुंस, खरपतवार फैला हुआ है और तो और सोलर प्लेट तार का फैंसिंग बोर्ड सब गायब कर दिया गया ताकि लोगों को पता ही न चले कि कभी यहां पौधा रोपण हुआ था। मनरेगा योजना का जो मडिया मेंट यहा किया गया है, ऐसी स्थिति पूरे प्रदेश में और दूसरे जगह देखने को नहीं मिलती, बिरीघाट में पौधारोपण के नाम पर लाखो रुपये का भारी भ्रष्टाचार का आरोप को लेकर पूर्व मे जनपद पंचायत मैनपुर एंव जिला पंचायत गरियाबंद के बैठक में भी मामला जमकर गरमाया और ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक की जांच टीम गठित की गई, लेकिन अब तक पांच वर्षो में न तो जाचं रिर्पोट सार्वजनिक किया गया, और न ही इस मामले पर कोई कार्यवाही की गई ,क्षेत्र के लोगो को आज भी कार्यवाही का इंतिजार है जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियो में भारी आक्रोश दिखाई दे रहा है। जनपद पंचायत मैनपुर के सदस्य निर्भय ठाकुर ने कहा कि बिरीघाट में पौधारोपण के नाम पर 70 से 80 लाख रूपये कि भ्रष्ट्राचार किया गया है, कई बार मामले को लेकर जनपद व जिला स्तर में मुदद उठाया गया, सिर्फ जांच पर जांच किया गया, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस मामले में निष्पक्ष कार्यवाही होने पर कई अधिकारियों पर गाज गिरेगी।



■ पौधा रोपण स्थल से सोलर प्लेट, तार का घेरा बोर्ड सब हो चुका है गायब

### 20 वार्डों में सालभर में 139 करोड़ के काम

**रायपुर।** रायपुर पश्चिम के भाजपा विधायक राजेश मूणत ने चौथी बार विधायक बनने के बाद 4 दिसंबर 2023 से अपने विधानसभा क्षेत्र में वार्डों की जरूरत का सर्वे शुरू किया और सिर्फ एक साल में सभी वार्डों में विकास के नए काम किए हैं। उन्होंने अपनी विधायक निधि के अलावा सीएम विष्णुदेव साय तथा पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव के जरिए वार्डों में सालभर में 139 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। उन्होंने राजधानी में सरकारी स्कूलों और कॉलेजों के अपग्रेडेशन तथा निर्माण का सबसे बड़ा अभियान प्रारंभ किया है। गुढ़ियारी में पहले सरकारी कॉलेज की आधारशिला रखने के साथ राजेश मूणत ने युवाओं को बड़ी सुविधा देने पर अमल शुरू कर दिया है। हीरापुर और जरवाय में लाखों लोगों को सुरक्षित रास्ते मिलेंगे। तकरीबन हर वार्ड में प्राइमरी से हायर सेकेंडरी तक के सरकारी स्कूलों में छात्रों के लिए ऐसी सुविधाएं जुटा रहे हैं, ताकि छात्रों को स्कूल आने में अच्छा महसूस हो। विधायक निधि तथा अन्य मदों से श्री मूणत ने वार्डों में सामुदायिक भवनों और आंगनबाड़ी भवनों की जैसे झड़ी लगा दी है।

## डॉ. रमन से साहू समाज के उपाध्यक्ष ने मुलाकात की...



**राजिम।** जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष एवं शासकीय शाला कौंदकेरा के विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओंकार साहू ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात कर बुके भेंट किया। इस अवसर पर समाज के लोग मौजूद थे।




## अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाया गया

# अपना प्रेरणा स्रोत सही व ईमानदार व्यक्ति को बनाए : डॉ. एनके स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय के विधि संकाय एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस के अवसर पर सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की अध्यक्षता कुलसचिव डॉक्टर बी. भोल ने किया तथा मुख्य वक्ता के तौर पर शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन के स्वामी तथा विशिष्ट वक्ता के तौर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन के स्वामी ने कहा कि हमें ऐसे व्यक्ति को प्रेरणा स्त्रोत नहीं बनना चाहिए जिसने अनुचित तरीके से धन अर्जित किया हो और धनवान हो। हमें अपना प्रेरणास्त्रोत किसी ईमानदार व्यक्ति को बनाना चाहिए ताकि हम उनसे प्रेरित होकर भ्रष्टाचार से दूर रहे और हमेशा ईमानदार बने रहे। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ शुभाशीष विस्वास ने कहा कि भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर हो वह राष्ट्र और समाज को पीछे ही ले जाता है। हमें एक मजबूत राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त संस्था और समाज का निर्माण करना होगा। अध्यक्षीय भाषण देते हुए डॉ वीपी भोल ने कहा कि भ्रष्टाचार एक ऐसी सामाजिक बुराई है, जो किसी भी देश की प्रगति में बाधा बनती है। यह नैतिकता, ईमानदारी और पारदर्शिता के मूल सिद्धांतों को कमजोर करता है। विधि संकाय के छात्र यश वर्मा ने हाल ही में हुए नीट परीक्षा की गड़बड़ी पर सवाल उठाया और इसे देश की सरकारी संस्थाओं के लिए खतरनाक बताया। इस कार्यक्रम में रूपेश, केशव, चिन्मया व करन द्वारा भ्रष्टाचार विरोध पर छोटा सा नाटक प्रस्तुत किया और भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाई। इस कार्यक्रम का संचालन विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक आकाश गुप्ता ने किया तथा कार्यक्रम का संयोजन विभागाध्यक्ष सुश्री छायांगी महामला द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन विधि संकाय की सहायक प्राध्यापिका सुश्री रागिनी सोनी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति बनी रही।







राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ग्राम भैसामुडा में आहता निर्माण का भूमिपूजन

**छुरा।** ग्राम पंचायत भैसामुडा के सामुदायिक भवन में 8 दिसम्बर को आहता निर्माण का भूमिपूजन जिला पंचायत सदस्य केशरी नोहर धुव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सरपंच बंसती कंवर, पंच देवकी बाई, पंच सुभाष, बैगा गोविन्द ठाकुर,ग्राम प्रमुख रामनाथ साहू, मनोज साहू, मोहन कंवर सचिव दिलीप चंद्राकर उपस्थित रहे।

### बच्चों को दी गई ट्रैफिक नियमों की जानकारी



**नवापारा-भेण्डरी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चंद्रसुर में चौकी प्रभारी बड़ी करेली द्वारा बच्चों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर निलेश साहू ,मायाराम महिलवार, रूपेश सोनी, राजेश सोनकर, गमन निषाद, इशरत जबीन, कमला बंदे, प्रणिता देवांगन मौजूद थे।

### रामपुर परसट्टी में रासेयो शिविर



**नवापारा-भेण्डरी।** रामपुर परसट्टी में रासेयो का सात दिवसीय शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में लेखराम कंवर, जुली लकड़ा ने पशुपालन के क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर एवं महत्व को बताते हुए पशुओं की उन्नत नस्ल, पशुओं में होने वाली बीमारी की जानकारी दी। इस अवसर पर राजू साहू, चंद्रशेखर निषाद, रामकुमार बंजारे, परशु साहू, महेंद्र साहू, माधव साहू मौजूद थे।

### मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर 25 मरीजों की जांच

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 9 दिसंबर 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना जिला महासमुंद में मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजित किया गया। इस दौरान 25 मरीजों की जांच कर निःशुल्क मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटरवेंशन किया गया।

## निधन

### सुखबती सेन

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम नवाडीह (साजापाली) निवासी सुखबती सेन का निधन बीते शनिवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे गांव की मितानिन थी। दिनेश सेन व लोकेश सेन की माता थी।



# ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने में युवा उत्सव मील का पत्थर हो रहा साबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा तहसील मुख्यालय भाठीगढ़ स्थित पैरी स्टेडियाम में आज सोमवार का एक दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया इस दौरान लोक नृत्य,लोक गीत, सामूहिक नृत्य के कलाकारो ने जमकर अपना कला का प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता में पूरे विकासखण्ड क्षेत्रउ से 185 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने दीप प्रज्जलित व पूजा अर्चना कर किया। इस मौके पर विशेष अतिथि के तौर पर जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडीत योगेश शर्मा भाजा मंडल अध्यक्ष दुलार सिंन्हा, युवा मोर्चा अध्यक्ष महेश कश्यप, सरपंच जिलेन्द्र नेगी, बिशेषर सिक्का विशेष रूप से उपस्थित थे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा कार्य समिति सदस्य नंदनी नेताम शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाओं को बेहतर अवसर प्रदान करने खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। निश्चित रूप से यह ग्रामीण प्रतिभागियों को अपने कला का प्रदर्शन करने मे मील का पत्थर साबित हो रहा है।

## ब्लॉक स्तरीय युवा उत्सव में 185 प्रतिभागियों ने लिया भाग



### प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलेगा



जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम ने कहा की इस तर के आयोजन के माध्यम से मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलेगा। उन्होने सभी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन खेल अधिकारी यशवंत बघेल ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जावेद मेमन, गोविंद पटेल, आशिफ खान, डोमार पटेल, शंकरलाल कंवर, द्रौण साहू, टीकम पटेल, पदमनी साडिल्य, चित्ररेखा वर्मा, अनील अवस्थी, देवशंकर नेताम, सुन्दर कश्यप, दिलीप साहू, धनेश बघेल, रूपेश यादव, महेश बाम्बोडे, शेख इमामुद्दीन, दुर्गाचरण कोमर्रा, हेमलाल विश्वकर्मा, महेन्द्र ध्रुवा, टीकेश्वर ध्रुव, भुवन लाल आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का अभार प्रदर्शन प्रभारी यशवंत बघेल द्वारा किया गया।

**अभियान : वयोवृद्ध स्वास्थ्य परीक्षण देखभाल कार्यक्रम व गतिविधियां आयोजित की जाएगी**

# स्वास्थ्य कर्मी पूरी प्रतिबद्धता के साथ अभियान को सफल बनाएं : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

प्रदेश के विष्णुदेव साय सरकार के प्रयास से स्वास्थ्य सेवा में एक नई दिशा की ओर कदम बढ़ाते हुए रविवार को विधायक इन्द्रकुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में 100 दिवसीय निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर निक्षय निरामय रथ को हरी झंडी दिखाते हुए विधायक इन्द्र कुमार साहू ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश के विष्णुदेव सरकार लगातार जनस्वास्थ्य की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है। हमारे क्षेत्र के अस्पतालों में अनेक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। जिसके कारण क्षेत्र की जनता को लाभ मिल रहे हैं। भाजपा सरकार के राज में यह अवसर आमजनों को मिल रहा है। विधायक साहू ने सरकार के इस अभियान की सराहना करते हुए इसे छत्तीसगढ़ को टीबी रोग मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों से इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने निर्देश दिया। इस अभियान के तहत 100 दिवसीय निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान में टीबी, कुष्ठ शंकाप्रद एवं उच्च जोखिम समूहों वाले व्यक्तियों का चिन्हांकन करना, वयोवृद्ध स्वास्थ्य परीक्षण व देखभाल, कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार आदि गतिविधियां आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, अशोक गंगवाल,जीवनदीप समिति के सदस्य नागेंद्र वर्मा, संजय साहू, डॉ. लीलाराम साहू, मुकुंद मेश्राम, कैलाश तिवारी, सौरभ जैन, साधना सौरज, धनमती साहू, टिकेश्वरी बघेल, भरत देवांगन, चित्रलेखा मेश्राम सहित अन्य लोग शामिल थे।

**निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ**




# रसेला में 8 साल बाद मड़ई मेला का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला में 8 साल बाद मडई मेला का होगा आयोजन, यहां मडई दो दिवसीय 26 और 27 दिसंबर को रसेला के मैदान में आयोजन होगा। जिसकी साफ सफाई की तैयारियां जोरों पर चल रही है। क्षेत्र में धान कटाई के बाद शुरू होने वाले मडई मेला एवं जात्रा के आयोजन में उत्साह के साथ ही श्रद्धा भक्ति से सराबोर होता है। मेले के आयोजन में गांव के मुखिया, बैगा, सिरहा, गायता की मुख्य भूमिका होती है। आम तौर पर मेला मडई को केवल मनोरंजन, खरीद फरोख्त के लिए ही जाना जाता है, कुछ हद तक इसे उचित माना जा सकता है, लेकिन इसका दूसरा सबसे महत्वपूर्ण पहलू सांस्कृतिक परंपराओं, मान्यताओं को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है, मेलों और मडई में उस अंचल के सांस्कृतिक विरासत को देखा जा सकता है। इसलिए ऐसे मडई मेलो से प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीने की प्रेरणा भी मिलती दिखाई देती है। ऐसे मेलों से प्राचीन संस्कृति व इतिहास में झांकने का भी एक मौका मिलता है। गांवों के जीवन में उत्साह का संचार भी होता है। मालूम हो कि ग्राम रसेला में हर वर्ष मडई मेला का आयोजन नहीं किया जाता कुछ वर्ष अंतराल के बाद ही गांव वाले मडई मेला का आयोजन किया जाता है, वर्ष 2017 में मडई का कार्यक्रम होने के बाद आज 2024 में यहां आयोजन होने वाला है। आज से सिर्फ 15 दिन शेष रह गए हैं। इस कार्यक्रम में रात्रिकालीन 26 तारीख को गवई के हीरा नाचा पार्टी जेवरा और 27 को छत्तीसगढ़ लोक कला मंच आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम संपन्न होगा। मडई में कई तरह की दूकाने होती है। भोजन की, मिठाईयां, खिलौने, मनोरंजन सहित यहां लोग घरेलू व रसोई में काम आने वाली चीजें भी खरीदते हैं। तरह तरह की मिठाईयां, चाट व गोलगप्पे, बच्चों के लिए तरह तरह के खिलौने व रंग बिरंगे गुब्बारे आकर्षक करते हैं। सभी अपने रूची का सामना मेलो में मिल जाता है। वहीं क्षेत्र के आसपास गांवों के देवी- देवताओं को आमंत्रित किया जाएगा। गांव सहित आमंत्रित देवी देवताओं की विधि विधान से पूजा अर्चना कर मडई का शुभारंभ किया जाएगा। 8 साल बाद रसेला में मडई के आयोजन से गांव सहित आस-पास के ग्रामीण उत्साहित नजर आ रहे हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासी और नवयुवक मंडल के सदस्य जी जान से जुटे हुए हैं।

■ रसेला के मैदान में 26 और 27 को मड़ई मेला

# अग्निवीर जवान टिकेश्वर का गांव में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

पाण्डुका के समीपस्त ग्राम रजनकटा के युवाओ एवं ग्राम के गणमान्यो द्वारा अग्निवीर में चयनित ग्राम के टिकेश्वर साहू पिता छत्रपाल साहू का गाजा बाजा के साथ भव्य स्वागत सम्मान किया गया। ग्राम के युवाओं द्वारा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समय समय पर किए जाते हैं जिसके अन्तर्गत विगत दो वर्ष से चल रहे निशुल्क सैन्य भर्ती प्रशिक्षण शिविर में गांव के ऐसे युवा जो थलसेना एवं अन्य सैन्य बलों, पुलिस आदि में जाने का जज़्बा रखते है और तैयारी करना चाहते है उन्हें गांव के युवा साथियों के सहयोग व ग्राम के सदस्यों के मार्गदर्शन में शारीरिक एवं मानसिक रूप से सहयोग दिया जा रहा है जिससे की आने वाले युवा पीढ़यों मे देश की रक्षा के प्रति उत्साह एवं जोश बरकरार रहे। गांव के नौजवान युवाओं को समय -समय पर प्रशिक्षण रूपी ज्ञान, मार्गदर्शन, प्रोत्साहन मिलता रहे। जिसमें क्षेत्र के युवाओं का चयन विभिन्न क्षेत्रों में हो सके। जैसा कि अग्निवीर के लिए रजनकटा से चयनित जवान टिकेश्वर साहू को प्रशिक्षण सफलता पूर्वक प्राप्त कर अवकाश पर गृह ग्राम वापसी पर स्वागत एवं सम्मान किया गया। किशन कड़रा महामंत्री पाण्डुका कहा कि समाज एवं देश के प्रति प्रतिबद्धता एवं युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा प्रदान करने के साथ-साथ वर्तमान समय की विभीषिका में डटकर खड़े रहना चाहिये और समय-समय पर सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जाती रहनी चाहिए, जिसके माध्यम से स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए सकारात्मक संदेश प्रेषित हो तथा भावी पीढ़ी में सामाजिक चेतना विकसित हो। इस कार्यक्रम मे गौरव मिश्रा जनपद उपाध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, खेमलाल यादव शिक्षक, भगत साहू, उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति रजनकटा, गणेश राम साहू, मोहन साहू, रेखराम साहू, रमेश साहू, भीखम निषाद, चूड़ामनी निषाद, सुरेश साहू डेविस साहू, चित्रसेन, योगेंद्र साहू, चेतन साहू इस सम्पूर्ण कार्यक्रम के मंच व्यवस्थापक सुनील साहू एवं समस्त ग्रामवासी आदि शामिल थे।



# अभिषेक बने किसान न्याय यात्रा गोरखपुर मंडल के संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा को किसान न्याय यात्रा गोरखपुर मंडल का चार जिलों का संयोजक बनाया गया है। अभिषेक मिश्रा कुरुक्षेत्र लोकसभा में भी किसान न्याय यात्रा में शामिल होकर विभिन्न विधानसभा में कार्य किया है। उन्होंने चर्चा में कहा कि उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में किसान समस्या से ग्रसित है, उन्हें समय पर खाद बिजली पानी नहीं मिल रहा है एवं उनके उत्पादन को बेहतर दर नहीं मिलने की वजह से आज पूरा देश के किसान परेशान है इन्हें सब मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश में किसान यात्रा निकाली गई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश किसान न्याय यात्रा में मुझे गोरखपुर मण्डल(4) जिलों का सयोजक बनाया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, किसान काग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सींग खैरा, किसान काग्रेस के संघटन को एक नई पहचान देने वाले हमारे राष्ट्रीय सघटन प्रभारी अखिलेश भैया उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय आप सब का सादर आभार जिन्होंने ने मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को इस जिम्मेदारी के योग्य समझा।



# व्यायाम शाला में वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों को दी गई टी शर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के व्यायाम शाला में वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों को सोमवार को टी शर्ट का वितरण किया गया। व्यायाम शाला में स्कूल के छोटे बच्चों द्वारा वेट लिफ्टिंग के बारीकियों को समझा जा रहा है और उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, उन खिलाड़ियों को शर्ट का वितरण जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी माझी, प्रधान पाठक मुरारी देवांगन, नगर पंचायत के सभापति भोले शंकर जायसवाल, जिला अध्यक्ष यशवंत यादव, सह सचिव शीतल ध्रुव सहित खिलाड़ियों ने नन्हे बच्चों को शर्ट का वितरण किया। जिला अध्यक्ष यशवंत यादव ने बताया कि लगातार जिला के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता में प्रदेश, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय, महाविद्यालय प्रतियोगिता में जिला के खिलाड़ियों ने अपने उपस्थिति दर्ज कराई है। संघ गठन के साथ ही सेवानिवृत शिक्षक पीटीआई प्रमोद सिंह ठाकुर द्वारा बच्चों को ऑनलाइन ट्रेनिंग दी गई है जिसका परिणाम यह है कि यहां के बच्चे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रतिभा दिखाएं हैं और उन्हीं से प्रेरणा लेकर स्थानीय छोटे बच्चे लड़के और लड़कियों द्वारा भी जिम में वेट लिफ्टिंग के बारे में जानकारी देकर उन्हें वेट लिफ्टिंग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसकी सभी ने सराहना की है। ज्ञात होगी जिले में विशेष कर लड़कियों ने वेट लिफ्टिंग के मामलों में रिकॉर्ड दर्ज किया है, स्थानीय माध्यमिक शाला के अलावा आसपास के स्कूल के बच्चे भी वेटलिफ्टिंग के खेल में दिलचस्पी ले रहे और प्रशिक्षण ले रहे हैं वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी देव कुमार निषाद, देवेंद्र कुमार, चिराग साहू, पंकज साहू, भूमेश साहू, अंकित, अंकुश, संध्या साहू , कुमकुम ध्रुव, गौतम, मोक्ष, मोहन ध्रुव शिक्षक उपस्थित थे।



# चंद्रशेखर ने किया नाली सीसी रोड का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

बरोंडा में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू व स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि सीसी रोड तथा नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उक्त निर्माण कार्य अंतर्गत सीसी रोड तोषण देवांगन घर से बगधरा तालाब तक जिसकी लागत 7.80 लाख रुपए, सीसी रोड जिला पंचायत 15 वें वित्त 2 लाख रुपए तथा ओपन ड्रेन नाली निर्माण कार्य 2.27 लाख रुपए शामिल हैं। इस दौरान लोगों संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, क्षेत्र के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए गरीब,मजदूर और किसानों तक केन्द्र और राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन हुआ वे वर्षों से वंचित था जो आज पूरा हुआ है इसके लिए उन्होने ग्रामवासियों को बधाई दी। कार्यक्रम में सरपंच बरोंडा दानेन्द्र सेन, जनपद सदस्य सुगंधिन धृतलहरे, नेहरू साहू पूर्व सरपंच लफन्दी,अर्जुन यादव,उपसरपंच परमेश्वर यादव,भारत सिन्हा, डोमार ध्रुव,कृष्णा साहू, पुरषोत्तम साहू सहित गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



**लोहझर में इंटीग्रेटेड योग शिविर में किया गया यज्ञ**

# भारतीय संस्कृति की धरोहर है योग यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

मां शाकंभरी मंदिर प्रांगण में चल रहे योग शिविर में योगाचार्य गणेश आजाद एवं योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा के द्वारा ग्रामवासियों को शनिवार को योग का अभ्यास कराया गया। जिसमें यौगिक जॉगिंग के अभ्यास, हनुमान दंड, हनुमान बैठक, ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटी चक्रासन, वृक्षासन, प्राणायाम में भस्त्रिक , कपालभाति, उज्जाई, अनुलोम विलोम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया तथा योग सत्र के समापन के साथ वैदिक यज्ञ का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने बताया कि यज्ञ हमारे भारतीय संस्कृति की मूल हैं जब हम यज्ञ में 10 ग्राम घी जलाते हैं तो उससे वातावरण में 1 टन आक्सीजन का निर्माण होता है जो वातावरण को शुद्ध और बैक्टीरिया और वायरस मुक्त करता है। यज्ञ विधि की शुरुवात कराते हुए योगाचार्य गणेश आजाद ने मंत्रों उच्चारण के साथ विधि पूर्वक वैदिक यज्ञ कराया एवं प्रतिदिन या साप्ताहिक यज्ञ के लिए प्रेरित करते हुए सभी से आह्वान किया।1 दिसंबर से प्रतिदिन लग रहे योग शिविर में पतंजलि योग समिति जिला के

गरियाबंद के महामंत्री शंकर यदु, हेमलाल पटेल, देवनारायण यदु, भोजराम पटेल का विशेष योगदान जारी है एवं प्रतिदिन ग्रामवासियों को योग कराने के लिए संकल्पित हैं। योग शिविर में अतिथि के रूप में जनपद सदस्य सुखबती टांडे, मंजू ध्रुव सरपंच श्यामलाल पटेल, तुलसी राम यदु, धनी राम, मयाराम पटेल, युवराज साहू, लुकेश साहू,लेखराज साहू एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



# मेहनतकश समाज है पटेल : रेखा सोनकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम में 10 लाख रूपए की लागत से बनने वाले मरार पटेल समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर ने सोमवार को किया। इस अवसर पर रेखा सोनकर ने कहा कि मरार पटेल समाज एक मेहनतकस समाज है, धरती को हरा-भरा रखने प्राकृतिक पर्यावरण को सुरक्षित रखने का काम करता है। सभापति पुष्पा गोस्वामी ने कहा कि मरार पटेल समाज एक संगठित और शिक्षित समाज है, यह समाज प्रतिवर्ष अपने आराध्य देवी की जयंती के अवसर पर निशुल्क सब्जी वितरण कर जनमानस की सेवा करता है। मरार पटेल समाज के जिला अध्यक्ष सोमनाथ पटेल ने कहा कि समाज की बहु प्रतीक्षित मांग छात्रावास भवन का था, जिसमें समाज के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर उत्तरोतर विकास कर सके, समाज की महती मांग को पूरा करने के लिए शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में राज अध्यक्ष तेजराम पटेल ,पार्षद सूरज पटेल, भाजपा के पूर्व महामंत्री शरद पारकर, संजीव साहू, राजिम राज के कोषाध्यक्ष कैलाश पटेल, राज उपाध्यक्ष दामोदर पटेल, तहसील अध्यक्ष नंदकुमार राजिम नगर अध्यक्ष भूखन पटेल, कमल पटेल, सुरेश पटेल, दिलीप पटेल आदि मौजूद थे।

